# अध्याय - 6 | भारत के संदर्भ में नियोजन और सततपोषणीय विकास

## QUIZ-01

1. **सेक्टोरल प्लानिंग क्या है?**
   A. केवल पिछड़े क्षेत्रों की योजना
   B. विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों के विकास के लिए योजनाओं का निर्माण और क्रियान्वयन
   C. केवल कृषि के लिए योजना
   D. केवल उद्योगों के लिए योजना (B)

***व्याख्या :*** सेक्टोरल प्लानिंग कृषि, सिंचाई, निर्माण आदि के लिए योजनाएं बनाना और लागू करना है।

2. **नीति आयोग कब बना?**
   A. 2010
   B. 2012
   C. 2015
   D. 2018 (C)

***व्याख्या :*** 1 जनवरी 2015 को नीति आयोग की स्थापना हुई।

3. **सूखा प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए कौन सा कार्यक्रम शुरु किया गया?**
   A. मरुस्थल विकास कार्यक्रम
   B. कमांड एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम
   C. सूखा प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम
   D. पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम (C)

***व्याख्या :*** सूखा प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम चौथी पंचवर्षीय योजना में शुरु हुआ।

4. **पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
   A. उद्योग लगाना
   B. केवल परिवहन का विकास
   C. पर्वतीय क्षेत्रों के स्वदेशी संसाधनों का उपयोग
   D. खनन को बढ़ावा देना (C)

***व्याख्या :*** इसका उद्देश्य पर्वतीय क्षेत्रों के स्वदेशी संसाधनों जैसे बागवानी, पशुपालन का विकास करना है।

5. **भरमौर जनजातीय क्षेत्र के मुख्य निवासी कौन हैं?**
   A. भील
   B. गद्दी
   C. मुंडा
   D. संथाल (B)

***व्याख्या :*** हिमाचल प्रदेश के भरमौर क्षेत्र में गद्दी जनजाति निवास करती है।

6. **इंदिरा गांधी नहर क्षेत्र में सिंचाई के बाद चना, बाजरा, ज्वार की जगह कौन सी फसलें उगाई जाने लगीं?**
   A. मक्का
   B. जौ
   C. गेहूं, कपास, मूंगफली, चावल
   D. दालें (C)

***व्याख्या :*** सिंचाई के कारण इन फसलों की जगह गेहूं, कपास, मूंगफली और चावल की खेती शुरु हुई।

7. **सतत विकास क्या है?**
   A. केवल आर्थिक विकास के लिए विकास
   B. वर्तमान की जरुरतों पर केंद्रित विकास, भविष्य की अनदेखी
   C. वर्तमान की जरूरतों को पूरा करना बिना भविष्य की जरूरतों से समझौता किए
   D. केवल पर्यावरण पर केंद्रित विकास (C)

***व्याख्या :*** सतत विकास वर्तमान की जरूरतों को पूरा करता है और भविष्य की जरूरतों को प्रभावित नहीं करता।

8. **1987 में सतत विकास को किस रिपोर्ट में परिभाषित किया गया?**
   A. एहरलिच रिपोर्ट
   B. मीडोज रिपोर्ट
   C. ब्रंटलैंड रिपोर्ट
   D. डब्ल्यूसीईडी इंडिया रिपोर्ट (C)

***व्याख्या :*** 1987 में 'आवर कॉमन फ्यूचर' ब्रंटलैंड रिपोर्ट में सतत विकास को परिभाषित किया गया।

9. **निम्नलिखित में से कौन सा इंदिरा गांधी नहर क्षेत्र में सतत विकास का उपाय नहीं है?**
   A. जल-प्रधान फसलों को बढ़ावा देना
   B. जलभराव और लवणीय क्षेत्रों का सुधार
   C. वाराबंदी प्रणाली लागू करना
   D. वनीकरण द्वारा पारिस्थितिकी विकास (A)

***व्याख्या :*** जल-प्रधान फसलें उगाना टिकाऊ विकास के लिए हानिकारक है।

10. **इंदिरा गांधी नहर कहां से निकलती है?**
    A. भाखड़ा बांध
    B. हरिके बैराज
    C. पोंग बांध
    D. टिहरी बांध (B)

***व्याख्या :*** यह नहर पंजाब के हरिके बैराज से निकलती है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES